प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 0920 बजे

'' पहले मुख्य समाचार''

- प्रदेश सरकार चिट्टे के खिलाफ अभियान को बनाएगी जन आंदोलन–15 नवम्बर को शिमला में एंटी चिट्टा वॉकथॉन का होगा आयोजन।
- सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखने, राजमार्गों से आवारा मवेशियों और अन्य पशुओं को हटाने के लिए दिशा–निर्देश किए जारी।
- ऊना जिला प्रशासन शहर की सीमाओं को चाकचौबंद करने के लिए स्थापित करेगा सौ सीसीटीवी कैमरे।
- चंबा के ऐतिहासिक चौगान में चल रहे राज्य स्तरीय कला व रंगोत्सव की धूम–प्रतिभागी करे रहे प्रतिभा का प्रदर्शन।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ अभियान को जनआंदोलन बनाया जाएगा। शिमला में कल अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर को शिमला में एंटी चिट्टा वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा और इसके लिए बार कोड स्कैन के माध्यम से पंजीकरण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वॉकथॉन में युवाओं और छात्रों के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 नवम्बर से शुरू होने वाला अभियान अगले तीन महीने तक चलेगा और राज्य सरकार की चिट्टे खिलाफ ये निर्णायक लड़ाई होगी।

किन्नौर पुलिस

किन्नौर जिला के नए पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शर्मा ने कहा है कि उनकी टीम का मुख्य फोकस नशे की रोकथाम पर रहेगा। कल कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करना रहेगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में नशा युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है, इसलिए किन्नौर पुलिस इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी ताकत के साथ कार्य करेगी और किसी भी नशा तस्कर या चिट्टा कारोबारी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि देवभूमि किन्नौर एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, और  यहां आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी।

*मेरा जो अपरोच रहेगा काम करने का वो पब्लिक सेंटर होगा, सिटिजन सेंटरिंग होगा। मेरी पूरी टीम इस डारायक्शन में काम करेगी। और नशे की बजह से हमारी पीढ़ीया बर्बाद हो रही है। हम जिला किन्नौर पुलिस पूरी टीम इस विनेस को टेकल करने में एड़ी चोटी का जोर लगाएगी। हिमाचल सरकार का ये बड़ा फैसला है कि जो भी चिटटा तस्कर है या दूसरे नशो के तस्कर है। उनको स्ट्रोंगली डील किया जाए। विद एम आई एम हैंड महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।*

*जितने भी टूरिस्ट यहां आएं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना उनके लिए बेहतर ट्रैफिक का पैसेज प्रोवाईड करना ये हमारी प्राथमिकताओं में रहेगा।*

सर्वोच्च–न्यायालय आवारा कुत्ते

सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखने व राजमार्गों से आवारा मवेशियों और अन्य पशुओं को हटाने के लिए कई दिशा–निर्देश जारी किए है। शीर्ष अदालत ने कल देश में आवारा कुत्तों के प्रबंधन से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई में हर शैक्षिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए उपयुक्त तरीके से बाड़ लगाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने पशु जन्म नियंत्रण निमय, 2023 के तहत स्थानीय नगर निकायों से ऐसी जगहों से पशुओं को नियमित रूप से उठाकर आवश्यक टीककरण व नसबंदी के बाद निर्धारित आश्रय स्थलों पर भेजने को कहा है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाएं। अन्यथा ये अधिकारी इसके लिए व्याक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

परीक्षा रद्द

प्रदेश उच्च न्यायालय ने मुख्य आरक्षी पद पर पदोन्नती के लिए 9 नवबंर को आयोजित की जाने वाली परीक्षा रद्द कर दी है। न्यायाधीश जयोत्सना रिवाल दुआ की अदालत ने प्रतिवादियों को 10 दिन में जवाब दायर करने का आदेश दिया है। याचिका में बताया गया है कि परीक्षा लगभग 7 साल के अतंराल के बाद आयोजित की जा रही है जबकि स्टैडिंग आर्डर के अनुसार इसे हर साल अगस्त माह में आयोजित किया जाना चाहिए था। मामले पर अगली सुनवाई 19 नवबंर को होगी।

इस बीच उच्च न्यायालय ने एक अन्य फैसले में शिमला तथा मंडी के तीन स्कूलों का दर्जा कम करने के सरकार के फैसले पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने कहा है कि सरकार ने यह निर्णय लेने से पूर्व स्कली छात्रों पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार नहीं किया। मामले की अगली सुनवाई 24 नवबंर को होगी।

वंदे मातरम

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो शिमला द्वारा संगीतमय सामूहिक गान किया गया। इसमें पत्र सूचना कार्यालय और केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सभी अधिकारी, कलाकार और कर्मचारी शामिल हुए। दूरदर्शन शिमला, आकाशवाणी, केन्दीय विद्यालयों, सैन्य प्रशिक्षण कमान, केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान और भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के कार्यालयों में भी वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।

जीएसटी

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने आवास सामग्री और सेवाओं पर कर में कमी की पेशकश करके आवास और निर्माण क्षेत्र को राहत प्रदान की है। नए सुधार के साथ सीमेंट पर कर की दर पहले के 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। इस फैसले से भवन निर्माण की लागत में कमी आई है और मकान खरीददारों और डेवलपर्स पर वित्तीय बोझ कम हुआ है।

*मेरा जो अपरोच रहेगा काम करने का वो पब्लिक सेंटर होगा, सिटिजन सेंटरिंग होगा। मेरी पूरी टीम इस डारायक्शन में काम करेगी। और नशे की बजह से हमारी पीढ़ीया बर्बाद हो रही है। हम जिला किन्नौर पुलिस पूरी टीम इस विनेस को टेकल करने में एड़ी चोटी का जोर लगाएगी। हिमाचल सरकार का ये बड़ा फैसला ह ैकि जो भी चिटटा तस्कर है या दूसरे नशो के तस्कर है। उनको स्ट्रोगली डील किया जाए। विद एम आई एम हैंड महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जितने भी टूरिस्ट यहां आएं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना उनके लिए बेहतर ट्रैफिक का पैसेज प्रोवाईड करना ये हमारी प्राथमिकताओं में रहेगा।*

सीसीटीवी कैमरे

ऊना ज़िला प्रशासन ने ऊना शहर की सीमा में सौ सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए पुलिस विभाग को 2 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इससे यातायात नियमों की अवहेलनाओं के अलावा गैरकानूनी व आपराधिक गतिविधिओं पर नज़र रखी जा सकेगी।

*अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव भाटिया ने कहा कि ये कैमरे ऊना से चंडीगढ़ मार्ग पर झलेड़ा और कालौनी के बीच में लगाए जाएगें। जबकी हमीरपुर मार्ग पर ये कैमरे डंगोली के अंत तक लगाए जाएंगे। ऊना से संतोसगड़ मार्ग पर ये कैमरे ऊना नगर निगम की नई सीमा रामपुर तक लगाए जाऐंगे। भाटिया ने कहा कि चालू होने के बाद ये कैमरे किसी भी असामाजिक गतिविधियों का पता लगाने शरारती तत्वों या कानून तोड़ने वाले का पहचान करने और सड़क दुर्घटना पर तुरंत कार्रवाई करने में मदद करेगें जिसे बहुमूल्य जानें भी बचाई जा सकेंगी।*

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज नादौन विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर करीब 12 बजे मझेली पहुंचेंगे और स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत सरेड़ी के गांव कड़साई में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला रखेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे।

राज्य स्तरीय उत्सव

चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में चल रहे राज्य स्तरीय कला व रंगोंत्सव में प्रदेश भर से आए प्रतिभागी विभिन्न स्पर्धाओं के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस तीन दिवसीय कला उत्सव का समापन आज होगा जिसमें लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य 11 जिलों से करीब 400 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस दौरान जहां चम्बा के कलाकारों द्वारा पारम्परिक ऐंचली की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध किया गया वहीं अन्य राज्यों के कलाकारों ने एकल नृत्य, नाटक सहित अन्य प्रस्तुतियां देकर जगह बनाई। राज्य स्तरीय कला व रंगोंत्सव में भाग लेने पर प्रतिभागियों ने खुशी जताई है

*मेरा नाम नव्या है मैं जिला किन्नौर से बोल रही हूं हम यहां पर आए है कलां उत्सव के लिए स्टेट में यहां पर डान्स पार्टीस्पेट्स कर रही है क्लासिकल डांस में।*

*हम पीएम श्री सिनियर सकैंडरी स्कूल पटटा महलोग स्कूल से आएं और यहां पर पार्टीस्पेटशन में है यहां पे थ्रो स्टेलिंग जो भस्मासूर अंत है जैस शिव महाराज ने भस्मासूर को वरदान दिया पहले उन्होंने और वो उनके मारने के लिए वह उनके पीछे कैसे पड़ा और उसको मारने के लिए शिवजी महाराज ने मोहनी का रूप लिया।*

चंबा दौरा

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया आज से चंबा तथा कांगड़ा के प्रवास पर रहेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया आज धुलारा में आयोजित वाले शिव नुआला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष 11 नवंबर को कांगड़ा के बासा वज़ीरां में वज़ीर राम सिंह पठानिया की स्मृति में आयोजित वीर दिवस समारोह में शिरकत करेंगे। इसके बाद वे विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तैयारियों की समीक्षा को लेकर कांगड़ा जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–शिमला, मंडी के तीन स्कूलों का दर्जा घटाने पर हाईकोर्ट की रोक। दैनिक जागरण लिखता है–हाई कोर्ट ने पुलिस कांस्टेबल की पदोन्नति परीक्षा पर लगाई रोक। पंजाब केसरी, दिव्य हिमाचल व दैनिक भास्कर का जैसा शीर्षक है–सुप्रीम कोर्ट का आदेश–स्कूलों, अस्पतालों और बस अड्डों से आवारा कुत्ते हटाएं। हिमाचल दस्तक व आपका फैसला ने मुख्यमंत्री के बयान को सुर्खी दी है–चिट्टे के खिलाफ अभियान को बनाया जाएगा जन आंदोलन।

अमर उजाला की एक अन्य ख़बर है–पुलिस कांस्टेबल की 9 नवंबर को होने वाली पदोन्नति परीक्षा रद्द।

हिमाचल में महंगी होगी इमारती लकड़ी–शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है प्राइवेट फोरेस्ट प्रोडयूस के दाम में 10 फीसदी की बढ़ोतरी, अधिूसचना जारी।

"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"

- प्रदेश सरकार चिट्टे के खिलाफ अभियान को बनाएगी जन आंदोलन–15 नवम्बर को शिमला में एंटी चिट्टा वॉकथॉन का होगा आयोजन।
- सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखने, राजमार्गों से आवारा मवेशियों और अन्य पशुओं को हटाने के लिए दिशा–निर्देश किए जारी।
- ऊना जिला प्रशासन शहर की सीमाओं को चाकचौबंद करने के लिए स्थापित करेगा सौ सीसीटीवी कैमरे।
- चंबा के ऐतिहासिक चौगान में चल रहे राज्य स्तरीय कला व रंगोत्सव की धूम–प्रतिभागी करे रहे प्रतिभा का प्रदर्शन।

.........................................................................................................................................................................